जमीन के लेन-देन मामले में एसीबीईओ सज्जन सिंह गिरफ्तार

गिरफ्तारी के समय सज्जन सिंह बार-बार पुलिसकर्मियों को झटका देकर खुद को छुड़वाता हुआ दिखाई दिया

सूरजगढ़, (निसं)। जमीन के सौदे में धोखाधड़ी के मामले में सूरजगढ में कार्यरत एसीबीईओ, यानि कि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह कुल्हार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

इस मामले में सेही कलां निवासी विनोद सांगवान ने मामला दर्ज कराया था कि सज्जन सिंह कुल्हार ने अप्रेल माह में एसीबीईओ सूरजगढ सज्जन सिंह कुल्हार को 60 लाख रूपए में जमीन बेची थी। इसमें से आधे पैसे सज्जन सिंह ने कैश दे दिए थे। वहीं शेष 30 लाख रूपए के लिए 10-10 लाख रूपए के तीन चैक दिए थे। जिनको 31 जुलाई 2022 तक देना था। 30 लाख कैश होते ही विनोद सांगवान ने अपनी जमीन की रजिस्ट्री सज्जन सिंह कुल्हार के नाम करवा दी। सज्जन सिंह ने शेष 30 लाख रूपए में से नौ जुलाई को 10 लाख रूपए कैश लाकर विनोद सांगवान को दिए और एक 10 लाख रूपए का चैक विनोद सांगवान से ले गया।



सूरजगढ़ एसीबीईओ को गिरफ्तार करती पुलिस।

शेष 20 लाख रूपए के लिए 15 जुलाई की तारीख दी लेकिन आरोपी सज्जन सिंह कुल्हार ने 31 जुलाई तक बाकि के पैसे नहीं दिए। जिस पर विनोद सांगवान ने 1 अगस्त 2022 को 10-10 लाख रूपए के दो चैक बैंक में क्लियरेंस के लिए लगा दिए। जिस पर बैंक ने बताया कि आरोपी सज्जन सिंह द्वारा इन दोनों चैकों का भुगतान रूकवा दिया गया है। जिसके बाद विनोद सांगवान ने लगातार सज्जन सिंह से शेष पैसों की उगाही की। तो सज्जन सिंह ने शेष पैसे देने से मना कर दिया।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद मंगलवार को एसीबीईओ सज्जन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार कर सज्जन सिंह को जब हवालात में बंद कर रही थी तो पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सज्जन सिंह बार-बार पुलिसकर्मियों को झटका देकर खुद को छुड़वाता हुआ दिखाई दिया और हवालात में जाने से मना करने लगा। लेकिन पुलिसकर्मियों ने समझाइश कर एसीबीईओ को हवालात में बंद किया। जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

सुजानगढ़, (निसं)। गोपालपुरा रोड पर स्विफ्ट गाडी पलटने से एक युवक की मौत हो गई तथा दो जने घायल हो गए। हनुमानाराम पुत्र बिशनाराम तरड निवासी कांधलसर, बीदासर ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि मेरा भतीजा प्रेमचंद पुत्र भंवरलाल तरड उम्र 20 वर्ष निवासी कांधलसर विगत तीन माह से कृष्णा डिफेंस एकेडमी, सुजानगढ में रह कर सेना भर्ती की तैयारी कर रहा था।

मंगलवार सुबह सूचना मिली की गोपालपुरा रोड पर सडक दुर्घटना में मेरे भतीजे प्रेमचंद की मृत्यु हो गई। जिस पर मौके पर जाकर जानकारी करने पर पता चला कि रात करीब 1.30 बजे मेरा भतीजा प्रेमचंद व उसके दो दोस्त अंकित पुत्र अरविन्द कुमार नाई निवासी लाडनूं तथा नन्दू पुत्र श्रवणराम जाट निवासी सुजानगढ स्विफ्ट कार में सवार हो कर गोपालपुरा की ओर जा रहे थे।

कार को नन्दू चला रहा था, जिसने कार को गफलत एवं लापरवाही से चलाई, जिससे कार तीन-चार पलटी खा कर कार रूक गई। हादसे में प्रेमचंद की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के समय डूंगर बालाजी जा रहे जिनरासर के पैदल यात्री संघ बबलू सिंह राजपूत व सोनू राजपूत ने घायलों को गाडी से बाहर निकाला। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्यामसुंदर स्वर्णकार व एम्बुलेंस चालक नोरतन बिजारणियां मौके पर पहुंचे तथा शव को गाडी से निकालकर राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। लाडनूं निवासी गाडी चालक की सहायता से सुनील स्वामी, पंकज स्वामी ने घायलों को अस्पताल सुजानगढ पहुंचाया।

चाकू की नोक पर बैंक मैनेजर से लूट का प्रयास

उसी वक्त महिला सफाई कर्मचारी बैंक शाखा परिसर में पहुंचने से भागे बदमाश

पिलानी, (निसं)। गणेश कॉलोनी स्थित राजस्थान बडौदा ग्रामीण बैंक पिलानी शाखा के प्रबंधक भंवरलाल शर्मा को मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक परिसर में घुसकर चाकू की नोंक पर लूटने का प्रयास किया।

- सूचना पर पहुंची पिलानी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा

बैंक शाखा प्रबंधक भंवरलाल शर्मा ने आपबीती बताई कि मंगलवार सुबह 9:10 बजे के लगभग वे जब बैंक परिसर के मैन हॉल में घुसे। वैसे ही उनके पीछे पीछे एक अज्ञात व्यक्ति बैंक परिसर के हॉल में घुसकर उनके ऊपर चाकू तान लिया तथा उससे दो लाख रुपयों की मांग की। अचानक उसी वक्त बैंक की महिला सफाई कर्मचारी बैंक शाखा परिसर में पहुंच गई। उसने मैनेजर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकू ताने देखा तो चिल्लाने की कोशिश की। तभी मैनेजर ने महिला सफाई कर्मचारी को चिल्लाते हुए कहा कि इसके हाथ में चाकू है। अज्ञात व्यक्ति हमारे चिल्लाने पर भाग छूटा। उसके पीछे वे भी दौड़ा तो तेजी से दौड़ कर वह गलियों में घुस गया। मैंने उसी वक्त पिलानी पुलिस को सूचित किया। पिलानी पुलिस ने बैंक शाखा पहुंचकर मौका मुआयना किया तथा पास पड़ौस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा।

सीसीटीवी कैमरे में भागते हुए आरोपी की तस्वीर कैद हो गई।

पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बैंक प्रबंधक भंवरलाल शर्मा ने बताया कि बैंक द्वारा हम लिखित शिकायत पुलिस को भिजवा रहे हैं।

183 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा जब्त, आरोपी फरार

- अवैध तस्करी के खिलाफ चारभुजा पुलिस की बड़ी कार्यवाही
- झीलवाडा के पास जंगलों में फरार हुआ आरोपी चालक

राजसमंद, (निसं)। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के चारभुजा थाना पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए 183 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित तस्करी में उपयोग की जाने वाली इको वेन को जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया।

चारभुजा थानाधिकारी भावनी शंकर ने बताया कि एसपी सुधीर चौधरी के निर्देशों एवं एएसपी शिवलाल बैरवा, कुंभलगढ डीएसपी नरेश कुमार के सुपरवीजन में झीलवाडा से देसूरी की नाल की ओर जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक सफेद रंग की ईको वेन को वेन चालक तेज गति से नाकाबंदी की ओर लाता हुआ दिखाई दिया। सामने नाकाबंदी पर पुलिस जाप्ता देखक चालक वेन को वापस घुमाकर चारभुजा हिमाचल सुरी की ओर लेकर भागने लगा। इस पर मय जाप्ता पीछा किया गया तो वेन चालक वेन को सडक के किनारे खडी कर झीलवाडा की ओर जंगल में भाग गया।

इस पर पुलिस ने झीलवाडा मानावतों का गुडा के आस-पास जंगल व बिहड में आरोपी चालक को काफी तलाश किया। लेकिन जंगल की आड में आरोपी फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ने इको वेन के अंदर कोई असंवैधानिक वस्तु होने की संभावना पर वेन की तलाशी मामूर कर मौतबिरान के समक्ष वेन की तलाशी की गई तो वेन के अंदर 11 प्लास्टिक के कट्टों के अंदर कुल 183 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ पाया गया। वहीं इको वेन के अंदर 6 अतिरिक्त फर्जी नंबर की प्लेटे मिली। जिस पर अवैध डोडा चूरा नंबर प्लेट तथा इको वेन को जप्त किया गया। पूरी कार्रवाई के बाद चारभुजा थाने में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण का अनुसंधान आमेट थाना उप निरीक्षक देवीसिंह को सुपुर्द में किया गया। कार्यवाही के दौरान थानाधिकारी भवानीशंकर सहित हेडकोंस्टेबल किशोरसिंह, हरिसिंह, कोंस्टेबल डाउराम, भगवानराम, महेन्द्रसिंह, छताराम, गिरीधारीराम, चालक कोंस्टेबल सुरेश कुमार शामिल थे।

किसान आंदोलन के सभी मुकदमे वापस लेने की मांग

चूरू, (कासं)। अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में किसानों पर किसान आंदोलनों के समय लगे सभी मुकदमें वापस लिये जाएं। एमएसपी पर बाजरा, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि की खरीद तुरंत शुरू की जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सही क्रॉप कटिंग करवाई जाये। क्रॉप कटिंग के बाद बरसात से फसलों को हुए नुकसान के लिए दुबारा रिपोर्ट करवाकर मुआवजा और कृषि बीमा क्लेम दिया जाये। राज्य के किसानों को डीएपी बीज और यूरिया की आपूर्ति बिना बाधा के तुरंत की जाये। बिजली की डिमांड जमा कृषि पर तुरंत बिजली कनेक्शन दिए जाये। सहकारी समितियों में किसानों से जीवन बीमा के नाम से जो रुपए लिए जा रहे हैं, उन्हें बंद किया जाये।

दोपहिया वाहन चोर गिरोह के 3 गुर्गे पकड़े

- सीसीटीवी फुटेज में जांच करने पर नृसिंघ मेघवाल संदेह के दायरे में आया
- पूछताछ के दौरान चोरी करना स्वीकारा व कई राज उगले

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। मदनगंज थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गेंग की करतूत का खुलासा कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की गिरफ्त में गुनाहगारो में ममता जनरल स्टोर के सामने राजारेड्डी निवासी नृसिंह (19) पुत्र कालू मेघवाल, रजिया कॉलोनी राजारेड्डी निवासी शहाबुद्दीन (34) पुत्र जवरी मोहम्मद व इसी मोहल्ले का रतन पुत्र घनश्याम बाल्मीकि शामिल है। थाना प्रभारी नेमीचंद चौधरी ने बताया की विगत 14 अक्टूबर को न्यू हाऊसिंग बोर्ड में रहने वाले अनिल जैन पुत्र महावीर जैन ने मामला दर्ज कराया की बदमाश घर के बाहर खड़ी वाइक चुराकर चंपत हो गये।

पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर बदमाशों को पकड़ने के लिये जिम्मेदारी सौपी गई। इस बीच सीसीटीवी फुटेज में जांच करने पर नृशिंग मेघवाल संदेह के दायरे में आ गया, कड़ी मशकत के बाद इसे पकड़कर हवालात में डाल दिया। पूछताछ के दौरान गुनाह में संलिप्तता स्वीकार करते हुए कहा चुराई गई वाइक को ओने-पौने दाम में शहाबुद्दीन को बेच दी, इससे जानकारी चाही तो कहा वाइक को काटने के लिये कबाड़ी रतन बाल्मीकि को दे दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हाऊसिंग बोर्ड से चुराई गई बाइक बरामद की है। पुलिस बदमाशो से पूछताछ के जरिये गुनाह का काला चिट्टा खंगालने में जुटी हुई है।

मदनगंज-किशनगढ़ पुलिस ने वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।

आईआईटी में फाइनल प्रवेश के लिए रिपोर्टिंग प्रारम्भ

- एनआईटी-ट्रिपल आईटी में आंशिक प्रवेश फीस जमा करवाने पर ही मिलेगा प्रवेश

कोटा, (निसं)। देश के आईआईटी-एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी की जोसा काउंसलिंग संपन्न होने के पश्चात अब विद्यार्थियों में अपने आवंटित कॉलेजों में प्रवेश के लिए उत्सुकता दिखाई दे रही है। विद्यार्थी आवंटित कॉलेजों की वेबसाइट पर फाइनल प्रवेश के लिए जानकारियां जुटा रहे हैं। ऐसे में जोसा काउंसलिंग के उपरान्त जिन विद्यार्थियों को आईआईटी का आवंटन हुआ है, उन्हें अब आवंटित आईआईटी की वेबसाइट पर शेष कॉलेज फीस एवं प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि आईआईटी में प्रवेश के लिए रिपोर्टिंग तिथियां प्रत्येक आईआईटी की वेबसाइट पर जारी की जा रही है। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवंटित आईआईटी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी को भलीभांति पढ़ें, क्योंकि हर आईआईटी द्वारा रिपोर्टिंग, ओरियन्टेशन एवं क्लासेज शुरू करने की तिथियां अलग-अलग दी हुई हैं। विद्यार्थी आईआईटी की वेबसाइट पर दी गई जानकारियों में एडमिशन लिंक पर जाकर अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त एनआईटी-ट्रिपलआईटी आवंटित विद्यार्थियों को सर्वप्रथम 19 से 21 अक्टूबर के मध्य आंशिक प्रवेश शुल्क जमा करवाना होगा, जो कि सामान्य व ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के लिए 40 हजार एवं एससी-एसटी के लिए 20 हजार रुपए रखा गया है।

यह आंशिक प्रवेश शुल्क का भुगतान कर ही विद्यार्थी जोसा काउंसलिंग में आवंटित एनआईटी सिस्टम के कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी जो एनआईटी सिस्टम से आवंटित अपने कॉलेजेज से संतुष्ट हैं, उन्हें एनआईटी ट्रिपलआईटी में फाइनल प्रवेश के लिए प्रवेश की औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगी। विद्यार्थियों द्वारा काउंसलिंग के दौरान जमा करवाई गई सीट असेप्टेंस फीस उनके प्रवेश के दौरान शेष कॉलेज की फीस में समायोजित कर ली जाएगी।

एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि वे विद्यार्थी जो अपने एनआईटी सिस्टम से आवंटित सीट से संतुष्ट नहीं हैं और खाली सीटों के लिए करवाई जा रही सीएसएबी काउंसलिंग में भाग लेना चाहते हैं, वे अपनी आंशिक प्रवेश फीस जमा कर अपनी आवंटित सीट सुरक्षित कर सीएसएबी काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे विद्यार्थी जो जोसा काउंसलिंग में अपनी आवंटित सीट से संतुष्ट नहीं है, वे भी अपनी आवंटित सीट को विड्रॉल एवं कैंसिल कर भी सीएसएबी काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। इन विद्यार्थियों को भी पार्टिसिपेशन फीस 3 हजार रुपए ही जमा करानी होगी।

इसके विपरीत वे विद्यार्थी जिन्हें जोसा काउंसलिंग में किसी भी सीट का आवंटन नहीं हुआ है, उन्हें सीएसएबी काउंसलिंग में भाग लेने के लिए पूरी पार्टिसिपेशन फीस जमा करानी होगी। जोकि सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के लिए 38 हजार रुपए एवं एससी-एसटी के लिए 18 हजार रुपए रखी गई है। इन सभी विद्यार्थियों को सीएसएबी काउंसलिंग में पुन: सारे कॉलेज ब्रांचेस की च्वाइसेज को भरना होगा। सम्पूर्ण काउंसलिंग प्रक्रिया 25 अक्टूबर से 6 नवंबर के मध्य कराई जाएगी। विद्यार्थियों को 26 से 28 अक्टूबर के मध्य कॉलेज च्वाइसेज भरने का विकल्प मिलेगा।

सांसद जौनपुरिया को तलवार भेंट की

गंगापुर सिटी, (निस)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता, तलवार भेंट कर अभिनंदन किया। मंगलवार सुबह प्रसिद्ध तीर्थ स्थान एवं मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर सांसद जौनपुरिया के दीर्घायु एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उसके पश्चात भाजपा नेता संजय गोयल, युवा भाजपा नेता दर्शन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ियों के काफिले से टोंक पहुंचे और सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया के जन्मदिवस पर चतुर्भुज ताला पर आयोजित कार्यक्रम में गुलदस्ता माला एवं साफा पहनाकर के भव्य अभिनंदन किया।

रुपए के लेन-देन में भाई के सिर पर लाठी मारी

नागौर, (निसं)। दो भाइयों के बीच झगड़े ने एक की जान ले ली। सदर थाना इलाके के अमरपुरा गांव में रहने वाले दो सगे भाइयों के बीच बीती रात कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया था, जिसमें बड़े भाई ने छोटे भाई पर लाठी के कई वार कर दिए। इलाज के दौरान घायल छोटे भाई की मौत हो गई।

सिर में अंदरुनी चोट लगने से 23 साल के सीताराम जाट ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सीओ विनोद कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि सीताराम के साथ लड़ाई झगड़ा हो कर मारपीट हुई है। जिस पर थाना सदर पुलिस की टीम जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। जहां पर सीताराम घायल अवस्था में मिला तथा मौके पर परिजन उपस्थित मिले। जिनकी सहायता से अमरपुरा रहने वाले घायल सीताराम को राजकीय अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौके पर सीता राम के भाई करणाराम पुत्र गिरधारी राम जाट ने एक रिपोर्ट दी। इस पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वहीं दूसरी ओर मृतक सीताराम के शव का जेएलएन अस्पताल में पोस्टमार्टम कर मंगलवार दोपहर को शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में पुलिस ने भाई के हत्यारे भाई पोकरराम को गिरफ्तार कर लिया है।

मिट्टी एवं गोबर से निर्मित उत्पादों की हाट का शुभारंभ

निःशक्तजन बच्चों की दीपावली पर अनुकरणीय पहल

स्वदेशी की अवधारणा से ओतप्रोत दिव्यांग बच्चों ने पहल की।

राजगढ़, (निसं)। राजगढ़ क्षेत्र के डाबला में स्थित मानव विकास संस्थान की आधारशिला में गोबर एवं मिट्टी के बने उत्पादों की हाट का शुभारंभ हुआ। निशक्तजन बच्चों की ओर से स्वदेशी अपनाओ की धारणा से ओतप्रोत अनुकरणीय पहल की अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यूयॉर्क यूएसए से भारत आई एलिन लिंच ने बच्चों की ओर से उकेरी गई राष्ट्रीय पक्षी मोर की कलाकृति को एक हजार में खरीदा। इस अवसर पर मिट्टी एवं गोबर से निर्मित दीपक, सामाजिक एवं धार्मिक महत्व से जुडी कलाकृतियां एवं पेंटिंग की बच्चों ने स्टॉल लगाकर आमजन के समक्ष मिसाल पेश की।

मानव विकास संस्थान के निदेशक ने बच्चों की ओर से निर्मित उत्पादों एवं पेंटिंग्स के साथ प्रदर्शनी की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, अध्यक्ष अजय यादव, सचिव वीरेंद्र दाधीच, नीरज शर्मा, शारदा शर्मा, मीरा तारो लिया, सरपंच प्रतिनिधि कालूराम, ट्रेनर डॉ स्वाति चौधरी, सुनील मीना एवं राहुल कुमार के अलावा मनीषा, कोमल, दिव्या, निशा, जिया एवं सीताराम सहित अनेक बच्चे मौजूद रहे।

आर्ट केम्प आसियान देशों से आए कलाकारों ने दिखाए करतब

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के कोडियात स्थित ताज अरावली रिजॉर्ट में विदेश मंत्रालय एवं सेहर इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आसियान देशों के कलाकारों के साथ आर्ट केम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में आसियान देशों के कई कलाकार अपनी कला का रंग बिखेर रहे हैं। सेहर इंडिया के संस्थापक संजीव भार्गव ने बताया कि ओशियन ऑफ कनेक्टिविटी की थीम पर आसियान देशों से आए कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी समझ, बेकग्राउंड एवं स्कूल ऑफ थोट से पेंटिंग्स की गई है। उन्होंने बताया कि बुधवार को केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ताज अरावली रिजोर्ट पहुंच कर कलाकारों से रूबरू होंगे एवं उनके द्वारा इन पेंटिंग्स की प्रदर्शनी का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने देश-विदेश से आए कलाकारों का उदयपुर आने के लिए एवं विदेश मंत्रालय का इस आयोजन हेतु आभार जताया। उल्लेखनीय है कि आसियान और भारत के संबंधों के 30 साल पूरे होने के मौके पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। भारत शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और यह भारत व आसियान को उच्चतम स्तर पर जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2022 को भारत-आसियान मैत्री वर्ष के रूप में घोषित किया गया है।

फसल बीमा क्लेम की मांग को लेकर राजगढ़ उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन

एमएसपी पर बाजरा, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलों के खरीद की मांग रखी

सादुलपुर, (निसं)। फसल बीमा क्लेम को लेकर जांगिड धर्मशाला में सुबह 10 बजे बैठक कर फसल बीमा क्लेम सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चूरू जिले के सभी तहसील मुख्यालयों, उपखण्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करत एसडीएम के नाम ज्ञापन सौपा।

किसान सभा के सुनील पूनियां ने बताया कि खरीफ-2021 का क्लेम क्रॉप कटिंग के अनुसार दिया जाए व चक्का जाम समझौता लागू किया जाए। न्यूनतम मूल्य (एमएसपी) पर बाजरा, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलों की खरीद तुरंत शुरू करने, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में सही क्रॉप कटिंग करवाई जाने, क्रॉप कटिंग के बाद बरसात से फसलों को हुए नुकसान के लिए दुबारा रिपोर्ट करवाकर मुआवजा और कर्षि बीमा क्लेम दें। किसान का बकाया कृषि बीमा क्लेम तुरंत दिया जाने, राज्य के किसानों को डीएपी, बीज और यूरिया की आपूर्ति बिना बाधा के तुरंत की जाने, बिजली के डिमांड जमा कृषि कुओं को तुरंत बिजली कनेक्शन दिए जाने की मांग की।

किसानों को 6 घंटे बिजली दी जाने, फसल तुलाई केंद्र भैंसली, चाँदगोठी, हरपालु व गुलपुरा में वापिस शुरू किये जाने, रतनपुरा ओर साँखू में नए तुलाई केंद्र शुरू किए जाने, ग्राम विकास सेवा सहकारी समिति में जीवन बीमा के नाम पर हो रही लूट को बंद की जाने, नहरों और बाँधों से पर्याप्त पानी दिया जाए, राजगढ में प्रस्तावित तीनों नहरों को धरातल पर लाया जाने व राजस्थान में किसानों पर किसान आंदोलनों में बने सभी मुकदमो को वापिस लिए जाने के लिए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राजकुमार, राजेन्द्र ढाका, मनीराम, रामनिवास, मीरसिंह रेड्डू, मातूराम, बलकेश, रामचंद्र, मांगेराम, हनुमान, प्रभुराम, दीपक, जयकरण, आदराम, राकेश, रोहताश, नरेश, शशी मांजू, महेंद्र, चानणमल, शुभराम, सीताराम, लीलूराम, जगदीश व बलकेश महला आदि सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधि मण्डल।